न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :— डॉ. अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 170 / 2026

विक्रम सिहं पता :— गोदारों का बास, बड़ापाना भौड़की तहसील गुढागौड़जी जिला झुंझुनू
पिनकोड 333032 मो.न. 9784500632

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) उदयपुरवाटी

— —

सूचना का अधिकार अधिनियम
के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 30.04.2026

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 16.04.2026 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 170 / 2026 पर दिनांक 16.04.2026 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) उदयपुरवाटी के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) उदयपुरवाटी को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) उदयपुरवाटी से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक / 2026 / 1222—23 दिनांक 21.04.2026 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) उदयपुरवाटी ने पत्रांक सू.अ.अ. / 2026 / 5 दिनांक 28.04.2026 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया आवेदनकर्ता को कार्यालय हाजा के पत्रांक सू.अ.अ. / 2026 / 171 दिनांक 23.03.2026 के द्वारा सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) उदयपुरवाटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार आवेदनकर्ता को उनके कार्यालय के पत्रांक सू.अ.अ. / 2026 / 171 दिनांक 23.03.2026 के द्वारा सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 30.04.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. अरूण गर्ग)
जिला कलक्टर, झुंझुनू